# पटना नगर निगम

दिनांक-**04-05-2023** को आहूत सशक्त स्थायी की समिति की तृतीय साधारण बैठक की कार्यसूची :-

| क्र. | विषय | संबंधित शाखा |
|---|---|---|
| 1 | दिनांक-10.04.2023 को आहूत सशक्त स्थायी समिति की द्वितीय साधारण बैठक की कार्यवाही की सम्पुष्टि। | सचिव शाखा |
| 2 | पटना नगर निगम में कार्यरत स्थायी, दैनिक, संविदा, अनुबंध एवं आउटसोर्सिंग पर कार्यरत कर्मचारियों की सूची उपलब्ध कराने के संबंध में। | स्थापना शाखा |
| 3 | निगम क्षेत्र में चल रहें नाला उड़ाही कार्य की समीक्षा। ( कार्यपालक पदाधिकारी, नगर प्रबंधक एवं मुख्य सफाई निरीक्षक भी उपस्थित रहेंगे। ) | सफाई शाखा |
| 4 | चापाकल एवं समरसेबुल बोरिंग की मरम्मति हेतु प्रत्येक वार्ड में राशि 50 हजार रू0 का आवंटन करने के संबंध में। | अभियंत्रण शाखा |
| 5 | पटना नगर निगम के पार्षदों के कार्यालय के लिए उपस्कर हेतु प्रत्येक वार्ड में 25 हजार रू0 का आवंटन करने के संबंध में। | लेखा शाखा/सी०ए० |
| 6 | अधिवक्ताओं के पुराने पैनल को निरस्त करते हुए नये पैनल का गठन करने के संबंध में। | विधि शाखा |
| 7 | स्पैरो कम्पनी के द्वारा अनुबंध अवधि में राजस्व वसूली कार्य की समीक्षा। | राजस्व शाखा |
| 8 | निगम में कार्यरत व्यक्ति विशेष कर-संग्रहक( दैनिक मजदूर ) के वेतन बढ़ोत्तरी आदेश को निरस्त करने के संबंध में। | स्थापना शाखा |
| 9 | सभी वार्डो में अस्थायी प्याउ का निर्माण एवं पूर्व से बने प्याउ की मरम्मति के संबंध में। | अभियंत्रण शाखा |
| 10 | एच0एच0एस0 द्वारा वार्डो में आई0ई0सी0 ऐटिविटी के लिए नियुक्त कर्मी की सूची एवं उसके कार्यो की समीक्षा के संबंध में। | सफाई शाखा |
| 11 | पटना नगर निगम क्षेत्र में नक्शा की स्वीकृति के संबंध में। | नक्शा शाखा |
| 12 | पटना नगर निगम के स्वामित्व वाले ए0एन0कॉलेज के पास पानी टंकी की 1.5 एकड़ भूमि को पत्रांक-12454, दिनांक-31.08.2022 द्वारा नगर विकास भवन बनाने हेतु दी गयी स्वीकृति की समीक्षा करने के संबंध में। | जलापूर्ति शाखा |
| 13 | अन्यान्य | |

28/04/23
निजी सहायक

पटना नगर निगम / PATNA MUNICIPAL CORPORATION

28/04/2023
नगर सचिव
पटना नगर निगम

SEC-M-V-108-116-2023

# पटना नगर निगम

**PATNA MUNICIPAL CORPORATION**

पटना कारपोरेशन

CITY OF PATNA

Letter No. / पत्रांक: 5247

Date / दिनांक: 09/05/23

प्रेषक,

नगर सचिव,
पटना नगर निगम।

सेवा में,

माननीया महापौर, पटना नगर निगम
माननीया उप-महापौर, पटना नगर निगम
सदस्य, सशक्त स्थायी समिति, पटना नगर निगम।

विषय :- सशक्त स्थायी समिति की तृतीय साधारण बैठक आहूत करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार सूचित करना है, कि सशक्त स्थायी समिति की **तृतीय साधारण** बैठक दिनांक-08-05-2023 (सोमवार) को अपराह्न 12:30 बजे से माननीया महापौर कार्यालय कक्ष, द्वितीय तल, ब्लॉक-(सी), मौर्यालोक कम्पलेक्स, पटना में आहूत की गयी थी। जिसे अपरिहार्य कारणवश स्थगित कर दी गयी है। अब यह बैठक दिनांक-11-05-2023 (गुरूवार) को पूर्व से निर्धारित स्थल एवं समय पर होगी।

अतः अनुरोध है कि उक्त बैठक में ससमय भाग लेने की कृपा की जाय।

अनु०:- कार्यसूची पूर्वत रहेगी।

विश्वासभाजन

ह०/-
नगर सचिव,
पटना नगर निगम।

**प्रतिलिपि** :- नगर आयुक्त, पटना नगर निगम/अपर नगर आयुक्त, स्थापना/राजस्व/राज्य योजना/केन्द्र प्रायोजित योजना/सफाई/पर्वतन /नगर वित्त एवं लेखा नियंत्रक/उप-नगर आयुक्त, सफाई/विधि पदाधिकारी/भू-सम्पदा पदाधिकारी/ मुख्य नगर अभियंता/सभी कार्यपालक पदाधिकारी/सभी कार्यपालक अभियन्ता/निबंधक, जन्म-मृत्यु/चिकित्सा पदाधिकारी/लेखा पदाधिकारी/कार्यालय अधीक्षक/नगर आयुक्त के निजी सहायक/महापौर के निजी सहायक/नाजीर, पटना नगर निगम को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

पटना नगर निगम PATNA MUNICIPAL CORPORATION

09/05/2023
नगर सचिव,
पटना नगर निगम।

श्रीमती सीता साहू
महापौर

Smt. Sita Sahu
Mayor

पटना कारपोरेशन
CITY OF PATNA

Letter No. / पत्रांकः 541/म०स०

Date / दिनांकः 06/05/23

Patna Municipal Corporation
Date:06-05-2023
2023104951

नगर आयुक्त

बिहार नगरपालिका अधिनियम,2007 एवं सशक्त स्थायी समिति कार्य संचालन नियमावली,2010 के तहत सशक्त स्थायी समिति की तृतीय साधारण बैठक **दिनांक-08.05.2023**(सोमवार) को **अपराह्न 12:30 बजे** से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष, मौर्यालोक कम्पलेक्स, पटना में आहूत की गयी थी। जिसे अपरिहार्य कारणवश स्थगित की जाती है। अब यह बैठक दिनांक-11.05.2023( **गुरूवार** ) को **अपराह्न 12:30 बजे** से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष, मौर्यालोक कम्पलेक्स, पटना में आहूत की जाती है। कार्यसूची पूर्वत रहेगी।

उक्त बैठक की सूचना सभी माननीय सदस्यो एवं पदाधिकारियों को भी दी जाय।

सीता साहू
06-05-2023

आवास - बड़ी पटन देवी गली,
महराजगंज, पटना सिटी, पटना-800007 (बिहार)

Residence : Badi Patan Devi Gali,
Maharajganj, Patna City-800007 (Bihar)

0612-2230949(0) 8789743708, 8544401399